SIMULATIONS
Public Affairs Management Services

D-309, Shivalik Corporate Park, B/h IOC Petrol Pump, Between Shyamal – Shivranjani Cross Rd, On 132 Ft Ring Road, Satellite, Ahmedabad – 380015
Ph : 079- 65214200 Fax : 079-40065014
Email : simulationsindia@gmail.com

**Jan Hiteshi**
**Edition:** Ahmedabad | **Date:** June 10, 2011 | **Page No.:** 04 | **Category:** Sterling Hospital

# स्टर्लिंग में लीवर का सफल प्रत्यारोपण

अहमदाबाद, शहर के स्टर्लिंग अस्पलात में हाल ही में लीवर का सफल प्रत्यारोपण किया गया है। 14 घंटे तक चली इस जटिल ऑपरेशन की विशेषता यह है कि मदद से लीवर सिरोसिस से पीड़ीत व्यक्ति को बचा लिया है। लीवर ट्रान्सप्लान्ट प्रोग्राम के डिवीजन चीफ डॉ. हितेश चावड़ा ने बताया कि आणंद निवासी डॉ. कनुभाई गोहिल को पिछले दिनों पेट की तकलीफ व पिलीया की शिकायत पर स्टर्लिंग अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच में पता चला कि डॉ. कनुभाई लीवर सिरोसिस से पीड़ीत था जिसे बिना प्रत्यारोपण के एक या दो सप्ताह से अधिक नहीं बचाया जा सकता था। रोगी को जिन्दा रखने के लिए उसका लीवर ट्रान्सप्लान्ट करना जरूरी हो गया था। तत्काल ऑपरेशन करने के कारण लिविंग डॉनर लीवर ट्रान्सप्लान्टेशन (एलडीएलटी) अर्थात किसी जीवित व्यक्ति का लीवर की मदद लेनी थी।

इस मदद के लिए मरीज का साला पूनम परमार तैयार हुआ। उन्होंने बताया कि पूनम के लीवर का कुछ भाग लिया गया जिसे प्रत्यारोपण किया गया। इस ऑपरेशन में डॉ. हितेष चावडा, डॉ. रवि महान्का व उनकी टीम ने इस सफल ऑपरेशन को किया।